सहकारिता की नौकरी बनी 'सुनहरा टिकट', एक बार प्रवेश तो पीढ़ियां मजबूत

सिवनी नवभारत। धारनाकला सिवनी जिला इस समय सहकारिता विभाग को लेकर काफी सुर्खियों में है जहां जिला कलेक्टर द्वारा मामले को संज्ञान में लेने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है जहाँ जिले में अधिकांश सहकारी समितिया मे संचालक मंडल द्वारा जहा नियमो के विरूद्ध नियुक्तिया अथवा अवैध भर्ती एक गम्भीर मामला है वही दूसरी तरफ एक बार जो सहकारी समिति मे कर्मचारी के रूप मे कदम जमा ले तो फिर उसकी पीढी तक कर्मचारी का दर्जा प्राप्त करते रहेगी जबकी मध्य प्रदेश मे सहकारी सोसाइटी अधिनियम के तहत भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के नियम है किन्तु इन नियमो को भी ताक पर रखकर की गई भर्तीयो के विरूद्ध जवाबदारो की कार्रवाई इनके निजि स्वार्थ तथा नोटो की खनक के आगे शायद दबकर रह गई है वैसे तो इस तरह की नियुक्तिया सिवनी जिले की सहकारी समितियो मे खुलकर हुई है किन्तु सहकारी समिति धारनाकला मे दैनिक वेतन भोगी के रूप मे 89 दिनो की भर्ती और उसके पीछे प्रस्ताव लेकर तथा मोटी रकम के तहत दैनिक वेतन भोगी को संस्था से नियम विरूद्ध लाभ पहूचाने का मामला प्रकाश मे आने के बाद यह गम्भीर मामला सहकारिता की निस्पक्ष जांच मे जाकर टिका हुआ है किन्तु विभागीय से जुडे आला अधिकारी ही सेवा नियम का हवाला देते हुऐ पल्ला झाड़ते नजर आ रहे है ऐसी स्थिति मे निस्पक्ष जांच की उम्मीद किससे की जाये।

भर्ती के बाद समिति में नियमित के प्रस्ताव का खेल?

सिवनी। उल्लेखनीय है की सहकारी समिति धारनाकला मे वैसे तो नियम विरूद्ध तरीके से नियमो को दरकिनार करते हुऐ 89 दिनो के लिये भर्ती तो की गई किन्तु इन भर्तीयो के पीछे कुछ कर्मचारियो को विशेश लाभ से नवाजा गया तथा जिन कर्मचारियो की 89 दिनो के लिये भर्ती की गई वो 89 दिन आज तक समाप्त तो नही हुऐ किन्तु व्यक्ति विशेष और नजदीकी के माध्यम से समिति मे नियमित कर्मचारी का दर्जा देने के लिये प्रस्ताव भी पारित कर लिया गया जो एक गम्भीर जांच का विषय है जबकि जानकारी के अनुसार सहकारी समिति मे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो की नियुक्तिया सामान्यत अस्थायी आकस्मिक या मौसमी कार्यो के लिये की जाती है और यह नियुक्तिया किसी स्थायी रिक्त पद के स्थान पर होती है और इसके लिये भी विभागीय अनुमति भी आवश्यक होती है लेकिन सहकारी समिति धारनाकला मे जिस तरह भर्ती और लाभ का खेला चला है उसने पूरे सिस्टम पर ही सवाल खडे कर दिये है और जिला महाप्रबंधक के के सोनी को इस सारी बात की जानकारी है या नहीं यह तो उनको पता है

2020 में उपायुक्त सहकारिता सिवनी ने अवैध नियुक्ति के सम्बन्ध शुरू की थी कार्यवाही

यह भी उल्लेखनीय है की वर्ष 2020 मे कार्यालय उपायुक्त सहकारिता जिला सिवनी के द्वारा कृषि सहकारी साख समितियो मे कथित फर्जी भर्तीयो को लेकर पत्र जारी किया शिकायतो के आधार पर जारी पत्र मे उल्लेख किया गया था जिले की अनेक समितियो मे अधिकारियो और प्रबंधक की मिली भगत से लाखो रूपये लेकर नियुक्तिया की गई है तथा कुछ मामलो मे करीबी तथा रिश्तेदार को नियम विरूद्ध नियुक्त किये जाने और अपात्र व्यक्तियो को प्रबंधक पद बैठाने के आरोप भी सामने आये थे लेकिन उपरोक्त जारी पत्र के बाद से अनेको उपायुक्त सहकारिता सिवनी के पद पदस्थ हुऐ किन्तु फर्जी नियुक्ति से सम्बंधित कार्रवाई आगे नही बढी और यह मामला अब तक दबा का दबा रह गया और जो आज तक 89 दिनो की अवैध फर्जी भर्ती का खेला चलते रहा

पिता के जीवित रहते परिवार के सदस्य की नियुक्ति

यहां भी उल्लेखनीय है की जो किसी विभाग मे न हो वह अजूबा कारनामा सहकारिता मे जरूर हो जाता है और एक बार फिर सहकारिता से जुडी सहकारी समिति मे कर्मचारी के रूप मे नियुक्ति पा ले उसके बाद आपके परिवार से एक सदस्य की नियुक्ति तय मान लो सेवा अवधि के अगर आपके पाच से छै वर्ष बचे हो तो पावर रकम की आड़ में अपने परिवार की नियुक्ति सहकारी समिति मे जरूर करा सकते है और पिता के जीवित रहते भी सहकारिता विभाग मे अनुकंपा नियुक्ति हो जाती है हा इसके लिये मोटी रकम खर्च करनी पडती है और ऐसा ही कुछ बरघाट विकास खंड की सहकारी समितियो मे बदस्तूर जारी है और इस सम्बन्ध मे जानकारी मांगी जाती है तो प्रशासक के द्वारा सेवा नियम के हवाले के तहत जानकरी प्रदाय नही की जाती वैसे तो जितनी आय नही उससे ज्यादा कर्मचारी सहकारी समिति धारनाकला मे जरूर भर्ती किये गये है किनतू संस्था मे वेतन प्रदाय की विसंगती भी खुलकर सामने आ रही है जहा कुछ कर्मचारियो से 5000 से 6000 रूपये माह मे काम लिया जा रहा है वही दूसरी तरफ अन्य जो प्रशासक की कृपा के पात्र है उन्हे दूना वेतन देकर

लाभ पहूचाया जा रहा है वही दूसरी अवैध फर्जी भर्ती मे संलग्न व्यक्तियो को दोहरा लाभ तथा जिनकी नियुक्ति अनुकंपा के तहत हुई है प्रशासक द्वारा संस्था मे भर्ती के आधार पर पद नही दिया जा रहा है तथा अल्प वेतन मे काम लिया जा रहा है इस तरह संचालक बोर्ड के न रहते प्रशासक अपनी हिटलर शाही नीति अपना रहे है तथा जो वास्तविक विक्रेता के पद पर संस्था के रिकार्ड मे दर्ज है उसे विक्रेता न बनाकर दैनिक वेतन भोगी को एक नही अपितु दो दो राशन दुकानो का प्रभार देकर नियमो की धजजिया उडाते नजर आ रहे है

इधर जिले में गठित 30 नवीन सहकारी समितियां आज तक संचालित नहीं

इधर पूरे जिले में इस समय किसान परेशान है और तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रहा है इसके बाद भी किसान को लाभ नहीं मिल रहा है क्योंकि जिले में सहकारी समितियां की कमी किसने की समस्या बनी है जिसको लेकर नवीन समितियां को शीघ्र व्यवसाय प्रारंभ करने की मांग की जा रही है जहां सिवनी। जिले में गठित 30 नवीन सहकारी समितियों का आज दिनांक तक व्यवसाय प्रारंभ नहीं होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए आयुक्त सहकारिता, भोपाल से शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई है। और प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि नवीन सहकारी समितियों का गठन किसानों को बेहतर सहकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता



प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदया,
सिवनी जिला सिवनी म.प्र.
विषय — कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला सिवनी के आदेश क्र./उपायु./पंजी./पुनर्गठन/2025/656 सिवनी दिनांक 25.06.2025 का आज दिनांक तक पालन न होने एवं विलंब के संबंध में कार्यवाही हेतु।
महोदया जी,
मैं हुकुमचंद सलोडिया किसान जागरूक किसान नेता एवं पूर्व समिति अध्यक्ष सोलादेही अनुरोध करता हूँ कि कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला सिवनी के आदेश क्र./उपायु./पंजी./पुनर्गठन/2025/656 दिनांक 25.06.2025 के माध्यम से सहकारी समितियों के पुनर्गठन/पंजीयन संबंधी आदेश जारी किया गया था। उक्त आदेश के अंतर्गत सिवनी जिले में 30 नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के गठन/पंजीयन का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता को सुदृढ़ किया जा सके।
उक्त आदेश के अनुपालन हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अत्यंत खेद के साथ अवगत कराया जाता है कि आज दिनांक उक्त आदेश का पालन पूर्णरूप से नहीं किया गया है।
जिसके विलंब के प्रमुख कारण निम्नानुसार हैं :—
1. संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आदेश के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है।
2. निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं किया गया है।
3. प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं की गई है।
4. विभागीय समन्वय के अभाव में कार्य लंबित रखा गया है।
5. जानबूझकर टालमटोल एवं अनावश्यक विलंब किया गया है, जिससे शासन की मंशा प्रभावित हो रही है।
अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि —
1. प्रकरण की जांच कर विलंब हेतु जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।
2. 30 नवीन समितियों के गठन/पंजीयन से संबंधित कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए।
3. आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिश्चित किया जाए।
4. भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
संलग्न — संबंधित आदेश की छायाप्रति।
उपरोक्त कार्यवाही कर अवगत कराने की कृपा करें।
सिवनी
दिनांक : 06.05.2026
भवदीय
हुकुमचंद सलोडिया
ग्राम सिमरिया (खेड़ी टोक)
पोस्ट-चौरई तह. व जिला सिवनी
मो.नं. 9329170551

गतिविधियों के विस्तार के उद्देश्य से किया गया था, किन्तु गठन के लंबे समय बाद भी अधिकांश समितियां केवल कागजों तक सीमित हैं और उनका व्यवसाय प्रारंभ नहीं हो सका है। जो जिले के लिए इस समय चुनौती से काम नहीं माना जा रहा है और जहां एक और पत्र में कहा गया है कि समितियों के संचालन में हो रही देरी के कारण किसानों को खाद, बीज, ऋण एवं अन्य सहकारी सेवाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। वहीं समितियों से जुड़े कर्मचारियों के समक्ष भी कार्य एवं रोजगार संबंधी अनिश्चितता बनी हुई है। और मांग की गई है कि सभी 30 नवीन समितियों का व्यवसाय तत्काल प्रारंभ कराया जाए तथा इसके लिए आवश्यक प्रशासनिक, वित्तीय एवं कर्मचारी संबंधी व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएं। साथ ही व्यवसाय प्रारंभ न होने के कारणों की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। व पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों एवं कर्मचारियों के हित में वैधानिक एवं लोकतांत्रिक माध्यमों से आगे की कार्यवाही की जाएगी।

इनका कहना है

भर्ती प्रक्रिया संचालक बोर्ड के द्वारा की गई है तथा कर्मचारी नियमित का प्रस्ताव भी पूर्व समिति के द्वारा लिया गया है

नितिन मालवीय समिति प्रबंधक
सहकारी समिति धारनाकला

एक नजर में

छपारा पुलिस थाना में हुई शांति समिति की बैठक

छपारा। 26 जून आगामी त्यौहार मोहर्रम, ताजिया, सवारी के मध्य नजर रखते हुए नगर के पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक सोमवार 22 जून को आयोजित हुई बैठक में एसडीओपी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी , नगर निरीक्षक खैमेंद्र कुमार जैतवार, नायब तहसीलदार रामसेवक कौल सहित क्षेत्रीय जनों एवं शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही बैठक में त्यौहारों को लेकर आयोजनों से जुड़ी जानकारी साझा कर सुव्यवस्थित रूप से शांति सौहार्द और आनंदमय वातावरण में त्यौहारों को मनाए जाने को लेकर वार्ता हुई वहीं उपस्थिति स्थानीय जनों द्वारा त्यौहारों पर प्रशासन से अपील की गई की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखा जाए।

चक्रवात से बालक छात्रावास हुआ क्षतिग्रस्त

छपारा। 21 जून दिन रविवार को शाम अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज़ हवा आंधी के साथ लगभग आधा घंटे से ज्यादा बारिश हुई वहीं इस चक्रवात को अपनी चपेट में नगर के सिंचाई कालोनी स्थित सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास जो टीन के चादरों से बना हुआ था उसका आधा हिस्सा को ले लिया जो हवा आंधी के साथ उड़कर काफी दूर जाकर गिरा वहीं छात्रावास के अंदर रखा सामान भी बरामद हो गया गनिमत रही की ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण कोई भी बालक छात्रावास के अंदर नहीं था जिससे कोई चोटिल या अप्रिय घटना नहीं हुई वहीं जैसे ही इस घटना की जानकारी जिला प्रशासन को हुई दूसरे दिन 22 जून सोमवार को सुबह लगभग 9:30 बजे सिवनी आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त लालजी राम मीणा एवं

विकास खंड छपारा के बीडीओ राकेश दुबे जनपद पंचायत छपारा सीईओ ने सिंचाई कालोनी स्थित सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में पहुंचकर हुए नुकसान का जायजा लिया जहां सहायक आयुक्त लालजी राम मीणा ने बताया कि उक्त चक्रवात तूफान की अधिकतम तीव्रता से ऐसी परिस्थिति बनी है वहीं हुए इस क्षतिग्रस्त सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास को सिंचाई कालोनी में ही स्थित जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आदिवासी कन्या आश्रम के भवन में स्थानांतरित किया जाएगा और आदिवासी कन्या आश्रम को उसके नवनिर्मित छपारा खुर्द के भवन में स्थानांतरित किया जाएगा इसके साथ ही मौका मुआयना कर सहायक आयुक्त लालजी राम मीणा द्वारा क्षतिग्रस्त हुए छात्रावास के भवन के सुधार कार्य के निर्देश दिए गए हैं।

दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुये होनहार दो भाई

पीएचडी करके पाया सम्मान क्षेत्र को किया गौरवान्वित

उगली नवभारत। जी हां ये हैं, हमारे उगली के निकट ग्राम सोनखार तहसील केवलारी जिला सिवनी निवासी स्वर्गीय श्री दुर्जन सिंह परते जी के दोनों बेटे डॉ धर्मेंद्र कुमार परते पीएचडी वनस्पति शास्त्र 2024 एवं डॉ महेंद्र कुमार परतें पीएचडी रसायन शास्त्र 2026 की उपाधि महामहिम राष्ट्रपति आदरणीया द्रोपदी मुर्मू जी की गरिमामय उपस्थिति में प्रदान किया गया।

यह हमारे गांव एवं क्षेत्र के

लिए गौरव का विषय है। हम सभी इन दोनों भाइयों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं । सही में गांव से ही शहरों की ओर रुख करना पडता है, क्योंकि गांव में संसाधनों की कमी रहती है, लेकीन यदि मन में दृढ विश्वास, सच्ची लगन और हौषले बुलंद हों तो कुछ भी कर पाना असंभव नहीं.

गाँव की माटी में एक साधारण परिवार में जन्में दोनो परते ब्रदर्स अपने आप में मिशाल हैं, गत दिवस दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू जी के कर कमलों से जबलपुर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. यह सम्मान और राष्ट्रपति जी के हाथों से सम्मान पाना अविष्मरणीय पल जिसमें 240 स्वर्ण पदकों के कुल 182 पीएचडी की उपाधी प्रदान की गई।

कान्हीवाड़ा नगर में जैन संतों का आगमन

कान्हीवाड़ा नवभारत। जैन मुनि श्री 108 निरवेग सागर जी महाराज के साथ अन्य 7 मुनिराजों का कान्हीवाड़ा नगर में आगमन हुआ। संतों के आगमन पर नगर के सर्व समाज द्वारा भव्य स्वागत एवं आगवानी की गई। आगवानी के दौरान बैंड-बाजों के साथ श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा जगह-जगह पाद प्रक्षालन कर मुनिराजों का सम्मान किया। संतों के आगमन से पूरे नगर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। मुनिराजों

ने कान्हीवाड़ा में रात्रि विश्राम किया। प्रात:काल आहार चर्या के पश्चात धर्म प्रचार करते हुए पैदल विहार कर केवलारी की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर धर्मोपदेश का लाभ लिया। महाराजश्री की आगवानी में मुख्य रूप से आशीष साहू, श्यामू ठाकुर, मयंक साहू, अमित चौरसिया, संतोष अवधिया, अजय साहू, रूपेश चंद्रवंशी, कमलेश चंद्रवंशी, अंकित साहू, आनंद प्रजापति, अरविंद यादव सहित ग्राम के समस्त धर्मप्रेमी जन उपस्थित रहे।

सरिता को मिली पीएचडी

सिवनी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या महाविद्यालय सिवनी में वर्ष 2010 में छात्र संघ अध्यक्ष रही सरिता पाराशर को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू, राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव शिक्षा मंत्री इंद्र कुमार परमार कुलपति रविकांत सोनवाल एवं कुणाल दुबेद्वारा रानी दुर्गावती

विश्वविद्यालय जबलपुरमें आयोजित छत्तीसवा दीक्षांत समारोह के अवसर पर पीएचडी की उपाधि सेसम्मानित किया गया आपने डॉक्टर सी के चौक से के मार्गदर्शन में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में राजकीय योजनाओं का योगदान विषय पर अपना शोध कार्य किया था। आप सरगी पंडित बिहारी लाल पाराशर वेद की पोती एवं स्वर्गीय अनिल पाराशर की पुत्री एवं अनुप् पाराशर की बहन तथा सुनील पाराशर की भतीजी है । उक्त मेधावी छात्रा ने इसका श्रेय अपने गुरु जनों को दिया है।

इस्लामिक नए साल का आगाज़, इबादत और कुर्बानी की याद का महीना

मोहर्रम की रौनक से सजा शहर : आज निकलेंगे अखाड़े

सिवनी नवभारत। इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम अपनी धार्मिक अहमियत, इबादत, सब्र और कुर्बानी की यादों के लिए जाना जाता है। मोहर्रम के महीने के साथ ही इस्लामी नए वर्ष की शुरुआत होती है। दुनिया भर में मुस्लिम समुदाय इस माह को बड़े अदब, एहतराम और अकीदत के साथ मनाता है। खासतौर पर मोहर्रम की 7वीं, 9वीं और 10वीं तारीख का विशेष महत्व माना जाता है। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला के शहीदों की याद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम लोगों को इंसानियत, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान की प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम पर्व को लेकर सिवनी जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में इन दिनों विशेष उत्साह और रौनक देखने को मिल रही है इमामबाड़े और अखाड़ों में तैयारियां जोरों पर हैं। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के प्रवक्ता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 जून को शाम लगभग 4 बजे से नगर में अखाड़ों की एक विशाल एवं पारंपरिक रैली निकाली जाएगी। इस रैली में नगर के लगभग 14 से 15 अखाड़े शामिल होंगे, जो अपने-अपने फन, करतब और पारंपरिक प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे। रैली का शुभारंभ फैजगंज चौक स्थित इमामबाड़े से किया जाएगा। परंपरा के अनुसार सभी अखाड़े सबसे पहले कुंजड़ी मोहल्ला पंचायती अखाड़े में पहुंचकर सलामी पेश करते हे। इसके पश्चात सभी अखाड़े इमामबाड़े में एकत्रित होकर यहां से जुलूस के रूप में नगर भ्रमण के लिए रवाना होंगे।

नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी रैली

अखाड़ों की यह अज़ीम-ओ-शान रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। गश्त के दौरान अखाड़ों द्वारा पारंपरिक खेल, शौर्य प्रदर्शन और धार्मिक अनुशासन का परिचय दिया जाएगा। रैली का समापन ध्यानचंद वार्ड स्थित काजी वार्ड में होगा, जहां अंतिम सलामी और दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद असलम खान पत्ते वाले, व्यवस्थापक अकील सरकार, सरपरस्त हाजी शमी अंसारी, हाजी हैदर ठेकेदार, बाबा भाई, शब्बीर वारसी, हमीद भाई, जाहिद भाई साबिर भाई, महफूज भाई, शफीक पटेल कमेटी पदाधिकारी राजीक अकील हसीब कुरैशी, नब्बू भाई पार्षद शोएब राजा, जुनैद सानी, फैसल खान, इरफान खान, सलीम खान, मोहम्मद अली मुबीन कुरैशी, बब्लू भाई सूमो वाले, डॉ मंसूरी, अशर खान, शोएब नवाब, इलयास खान तारिक अनवर, सहित समस्त पदाधिकारियों एवं अखाड़ों के कप्तानों ने और उस्तादों ने मुस्लिम वर्ग के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर रैली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में सफल बनाने की अपील की है।

उगली में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

उगली नवभारत। गत दिवस रविवार के दिन अंरराष्ट्रिय योग दिवस संपूर्ण भारत वर्ष में निरंतर बारह वर्षों से मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी का सपना निरोग काया, स्वस्थ मन और सुरक्षित भारत का सपना साकार हो रहा है, प्राचीन काल से ही योग साधना का बहुत महत्व बताया गया है, वर्षों से आ रही यह परंपरा आज भी अनवरत जारी है, सुबह से ही शाषकीय कार्यालयों, विशेष कर स्कूलों मे संबंधित स्टाफ की उपस्थिति में योग दिवस मनाया गया।

सिवनी जिले के उगली क्षेत्र में शा. उ. मा. वि. मोहबर्रा में शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व जन प्रतिनिधि और स्कूल के छात्रों के साथ योग दिवस का अभ्यास किया गया।

उपस्थित वक्ताओं ने मां

सरस्वती जी का पूजन कर योग साधना, सूर्य नमस्कार और विभिन्न आसन कर अपने आपको योग के माध्यम से स्वास्थ्य को निरोग कर प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में योगाभ्यास करने का संकल्प लिये,

योग साधना शारीरिक विकास ही नहीं अपितू योग के माध्यम से मनुष्य जीव आत्मा का सीधे संपर्क परमात्मा से होता हे, सुबह के समय खाषकर ब्रमहकाल का समय योग साधना के लिये उचित समय होता है, कई प्रकार के शरीर के विकार और रोगप्रतिरोधक क्षमता का विकास, बौद्धिक विकास, शारीरिक विकास आदी योग के माध्यम से संतुलित होते है. इस मौके पर समाज सेवी टिकेश बिसेन, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेश ठाकुर, शिक्षक चंद्रशेखर पटले, आशीष अगरवार, ऐलेश कुसरे, महिला शिक्षिकायें आदी उपस्थित रहे, पूरे क्षेत्र के स्कूलों मे योग दिवस मनाया गया।

अभद्रता पदभार संभालने के बाद किसी न किसी कारणों से हमेशा रहते है विवादित

सेंट्रल बैंक मैनेजर के बिगड़े बोल, बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट को बोला 'कुत्ता'

गणेशगंज नवभारत। सिवनी जिले के नेशनल हाईवे 44 पर स्थित ग्राम गणेशगंज में विगत वर्षों से संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक इन दिनों सुर्खियों में है इन्होंने जब से पदभार संभाला है तभी से किसी न किसी कारणों से विवादित चल रहें हैं, कभी बैंक हितग्राही कभी स्टॉप तो कभी बीसी मैनेजर के अभ्रद्रता से व्यथित हैं। एक एहम तथा गरिमामय पद पर पदस्थ बैंक मैनेजर को क्या इस तरह के लहजे सोभा देते हैं।

बैंक बीसीयों का ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष योगदान

बीसी (बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट) जिन्हें बैंक मित्रा के रूप में देखा जाता है। बैंकिग संस्था अपने हितग्रहियों को बेहतर सेवा देने के लिए चिन्हित स्थानों में बीसीयों को नियुक्त करवाते हैं जो कि

ग्रामीण/दूरस्थ क्षेत्रों के ग्राहकों को स्थानीय स्तर पर विभिन्न सेवा प्रदान करते हैं जिसमें खाता खोलना, नकद जमा करना, नकद निकासी करना, आधार आधारित बैंकिंग सेवाएं पैसे का ट्रांसफर, बैलेंस की जानकारी प्राप्त करना, सरकारी योजनाओं का भुगतान प्राप्त करना सहित अन्य बैंकिग महत्वपूर्ण कार्य बीसीयों के द्वारा किया जाता हैं ।

बैंक मैनेजर की निरंतर मिल रही शिकायत

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैंक मैनेजर का रवैया पहले दिन से ही इसी तरह देखने को मिल रहा यही नहीं हितग्रहियों ने बताया खेती किसानी तथा बारिश को देखते हुए जब भी बैंक जाते हैं तो हमें केश (नगदी) नही मिलता आए दिन यही समस्या होती हैं आज हमारा पैसा समय पर हमारे ही काम नही आ रहा। वही इसके बाद मैनेजर को व्याप्त समस्या समाधान करने के वजह हमारे साथ अभद्रता की जाती है जिससे अब मन करता है की हम कोई दूसरी बैंको में अपना खाता खुलवाकर बैंकिंग सेवा प्राप्त करें। बैंक मैनेजर के ऐसे ब्यौहार से न केवल वह स्वयं बल्कि बैंक का नाम भी खराब होता है।

इनका कहना है

मैं बैंक जब भी केश (नगद) लेने जाता हूं तो शाखा प्रबंधक केश उपलब्ध नहीं है का हवाला देकर केश देने से इंकार कर देते है। जबकि में बैंक से नही बल्कि अपने ओडी खाते से राशि निकालने की बात करता हूं तब भी मना किया जाता हैं अब ऐसे में कैसे हितग्राहियों को सेवा पहुंचाए। यही नहीं शाखा प्रबंधक ने बीसीयों को कुत्ता बोलते हुए कहां की कोई भी बीसी कुत्तों को बैंक के अंदर नहीं आने देना। जो की मेने सुना और विरोध भी किया।

प्रेम कुमार यादव बीसी लोकेशन सेलुआ (बाम्हनवाडा)

केश रहता है तो देते हैं अब केश नहीं है तो कहां से दें। ग्रामीण क्षेत्र है लोग निकालने आते हैं जमा नहीं करते उपर से भी नही आता केश। हां मैने बीसी कुत्ता बोला है ,कुछ स्कीम निकलती है जैसे बैंक रिकवरी की तो ये बीसी काम नही करते हैं । अब गलती हो गई मैने जो बोल दिया उसके लिए में माफ़ी चाहता हूं,, ?

उज्ज्वल डिकेत (शाखा प्रबंधक) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गणेशगंज

एकल अभियान लखनादौन में मनाया योग दिवस

लखनादौन नवभारत। अंचल सिवनी के समस्त विद्यालय ग्रामों में 21 जून को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस। इस कार्यक्रम में सभी संचो से संच समिति एवं अंचल समितियों ने इन कार्यक्रमों में पहुंचकर भाग लिया जिसमें लखनादौन के विद्यालय ग्राम गोसाईं खमरिया में संच समिति अध्यक्ष यशवंत गोल्हानी, अंचल समिति सदस्य शंकर नामदेव, डॉ नवीन आठनेरिया भाग गतिविधि प्रमुख रामस्वरूप नागेश, अंचल अभियान प्रमुख पुन्नू लाल परते, संच प्रमुख सोहन लाल नागेश, पत्रकार साथी हरीश गोल्हानी एवं ग्राम के शासकीय विद्यालय के समस्त शिक्षक, संच छपारा के विद्यालय ग्राम दानी मेटा में संच प्रमुख राहुल जांघेला, संच आदेगाँव सोमनाथ परते, प्रेमलाल पड़वार, मंगवानी विद्यालय ग्राम बाकी में दुर्गा प्रसाद संच धनोरा अंचल प्रशिक्षण प्रमुख वेतन सिंह बैंसले, खैर सिंह कुमरे, संच धूमा चंदन लाल डहरिया, पंचम सिंह, संच घंसौर अगहन सिंह कुमरे, संचपंडिया छपारा राधिका ब्रह्मेश्वर, छपारा प्रवेश बागरे, संच समिति ग्राम समिति आचार्यों बच्चों एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

विधायक ने किया लखनवाड़ा मंडल का दौरा

सिवनी नवभारत। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सोमवार को भाजपा मंडल लखनवाड़ा अंतर्गत ग्राम गोपालगंज का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने आमजन और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। विधायक ने ग्राम गोपालगंज पहुंचकर क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं नागरिकों से मुलाकात की।

किराए से देना
अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।
संपर्क करे
6264000057